भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 874

दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, कल्याणी

874. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एम्स, कल्याणी में 960 बिस्तरों की संस्वीकृत क्षमता है परन्तु वर्तमान में केवल 200 बिस्तरों का ही उपयोग किया जा रहा है और यदि हां, तो इस असमानता के क्या कारण हैं;

(ख) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 259 संकाय पदों में से केवल 155 पद भरे गए हैं, सरकार द्वारा एम्स, कल्याणी में संकाय की कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल सरकार राज्य सरकार के चिकित्सकों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में विलंब कर रही है, जिससे एम्स, कल्याणी में संकाय की भर्ती प्रभावित हो रही है और यदि हां, तो इस मुद्दे के समाधान के लिए किन उपायों पर विचार किया जा रहा है;

(घ) क्या एम्स, कल्याणी में एमएससी, नर्सिंग की सीटों की संख्या बढ़ाने की कोई योजना है जहां वर्तमान में मात्र पांच सीटे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संख्या वृद्धि हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ङ) क्या एम्स, कल्याणी में मरीजों को चिकित्सकों से मिलने का समय प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो सरकार द्वारा मरीजों को चिकित्सीय सुविधाओं की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कल्याणी में स्वीकृत बिस्तरों की संख्या 960 है जिनमें से 501 बिस्तर कार्यशील हैं। वर्तमान में, 259 स्वीकृत संकाय पदों में से 157 पद भरे हुए हैं। विभिन्न एम्स में रिक्तियों को तेजी से भरने के लिए, विभिन्न कदम उठाए गए हैं, जिनमें (i) नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी) के माध्यम से नर्सिंग संवर्गों के लिए केंद्रीकृत भर्ती (ii) एक वर्ष की वैधता के

साथ रोलिंग विज्ञापन (iii) गैर-संकाय पदों के लिए सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई) (iv) तत्काल आवश्यकता के मामले में अल्पकालिक संविदा/आउटसोर्स आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति।

(ग): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कल्याणी में संकाय पदों पर चयन होने पर, पश्चिम बंगाल सरकार के साथ कार्यरत डॉक्टर संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा कार्यमुक्त किए जाने के बाद ही संस्थान में कार्यभार ग्रहण करते हैं।

(घ): वर्तमान में, एम्स कल्याणी में एम.एससी की छह (06) सीटें हैं: बाल चिकित्सा परिचर्या में 4 और मनश्चिकित्सा परिचर्या में 2 सीटें उपलब्ध हैं। सीटों की संख्या में बढ़ोतरी एक सतत प्रक्रिया है।

(ङ): रोगी, एम्स कल्याणी में या तो समर्पित फोन नंबर पर कॉल करके या एम्स कल्याणी स्वास्थ्य मोबाइल एप के माध्यम से अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।

*****